(b) and (c) It is proposed to hold a ministerial level meeting with the ChieS Minister, West Bengal after the Budget Session of the Parliament.

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों हेतु अप्रयुक्त भूमि

6579. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 8 मार्च, 1995 के "दि आब्जर्वर" में "पंचम सेक्टर में बी ओपन्ड अप" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार देश में पड़ी अप्रयुक्त सरकारी भूमि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों अथवा बड़े वित्तीय संस्थानों को कृषि के प्रयोजन हेतु देने पर विचार कर रही हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध इस प्रकार की भूमि की पहचान कर ली है, और

(ङ) यदि हां, तो देश में पड़ी ऐसी अप्रयुक्त भूमि के क्षेत्रफल का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) ऐसा प्रतीत होता है कि यह समाचार राष्ट्रीय संदर्भ योजना तैयार करने हेतु गठित विशेषज्ञ समिति के विचारार्थ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिचालित एक नोट पर आधारित है। ये केवल सुझाव हैं। चूंकि "भूमि कानून" राज्य सरकारों का विषय है, यह राज्य सरकारों का काम है कि वे भूमि के सर्वश्रेष्ठ उपयोग के बारे में निर्णय लें।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न ही नहीं होता ।

दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

6580. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में दुग्ध उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है ।

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 और 1994-95 के दौरान देश में दुग्ध उत्पादन कितना रहा ;

(ग) क्या सरकार द्वारा देश में दुग्ध दुधारू पशुओं की संख्या के बारे में कोई अनुमान लगाया गया है ;

(घ) यदि हां, तो उनकी अनुमानित संख्या क्या है ;

(ङ) क्या उपरोक्त अवधि के दौरान प्रत्येक दुधारू पशु द्वारा दिए जाने वाले दूध की मात्रा भी बढ़ी है ;

(च) यदि हां, तो इस वृद्धि की दर क्या है तथा देश में इस समय अर्थात् वर्ष 1994-95 में प्रत्येक पशु द्वारा औसतन किस दर से दूध दिया जाता है; और

(छ) सरकार द्वारा प्रत्येक दुधारू पशु की उत्पादन दर को 1997 के अंत तक औसतन कितना करने का लक्ष्य है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) और (ख) जी, हां। 1990-91 तथा 1994-95 के दौरान (अनन्तिम) अनुमानित दुग्ध उत्पादन क्रमशः 53.9 तथा 69 मिलियन मीटरी टन था।

(ग) और (घ) जी, हां। 1987 की पशुधन संगणना के अनुसार देश में दुधारू गायों तथा भैंसों की अनुमानित संख्या 52.968 मिलियन है।

(ङ) और (च) जी, हां। 1990–91 तथा 1993–94 के दौरान प्रति पशु प्रति दिन औसत दुग्ध उत्पादन तथा इसी अवधि के दौरान प्रतिशत वृद्धि नीचे दी गई है। 1994–95 के नमूना सर्वेक्षण परिणामों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

	प्रति पशु प्रति दिन औसत दुग्ध उत्पादन (कि०ग्रा०)		प्रतिशत वृद्धि
	1990–91	1993–94	
गाय	1.91	2.43 (अनन्तिम)	27.2
भैंस	3.41	3.78 (अनन्तिम)	10.8

(छ) वर्ष 1997 के अन्त तक प्रति दुधारू पशु का औसत दूग्ध उत्पादन के दर का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

Demand by Cooperatives for restriction on imports of dairy products

6581. SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the Chiefs of leading cooperatives throughout the country have urged Government to restrict the imports of dairy products;

(b) it so, the details of the demands;

(c) whether Government also been urged.to provide exemption Income Tax and excise duty to fatmer's cooperatives: and

(d) if so, further reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) to (d) A memorandum was submitted by the Chairman, National Cooperative Dairy Federation of India and other Co-operator on 1994-1995. It has urged the Government to restrict the import of dairy products, provide exemption to agricultural cooperatives 'from income tax and for single Point application of excise duty. The issues raised need to be examined by the Government.

Subsidy to Fertilizers

6582. SHRI GUNDAPPA KORVVAR: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state the total amount of subsidy being extended by the Government annually on different fertilizers during the last three years, separately?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): The total subsidy paid by the Government on fertilizers during the last three years is as under.

Year	Total subsidy paid (Rs. in crores)
1992-93	5796.11
1993-94	4398.97
1994-95	5242.00

In addition to the above, the Government is implementing a scheme of concession on sale of decontrolled pbosphatic and potassic fertilizers to the farmers w.e.f. Rabi 1992-93 under which rund* amounting to Rs. 339.73 crores during 1992-93, Rs. 517.34 crores, during.1993-94 and Rs. 514.02 crores during 1994-95 have been given. In addition, funds amounting' to Rs, 13.93 crores 'wert released duttae 1994-95 to clear the outstanding liabilities of 1993-94.